31वां राष्ट्रीय खेलकूद समारोह LIVE: गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतियोगिता का किया समापन, पूर्वी यूपी ने जीते सबसे अधिक मेडल लखनऊ: विद्या भारती द्वारा 35 वीं वाहिनी पीएसी ग्राउंड में आयोजित 31 वें राष्ट्रीय खेलकूद समारोह का केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को समापन किया. इस मौके पर s बोलते हुए गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज देश ही नहीं दुनिया भर में भारत शिक्षा के श्रेष्ठ के रूप में उभरा है. इसके लिए मै विद्या भारती के प्रयासों की सराहना करता हूं. धन्यवाद देता हूं. उन्होने कहा कि कहा कि आज इस प्रतियोगिता का समापन करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है. इससे पहले गृहमंत्री राजनाथ सिंह का तिलक और बैच लगाकर स्वागत किया गया इसके बाद अतिथि गण द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया. बहनों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई. बता दें कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआइ) में एक स्टेट का दर्जा रखने वाले और शिक्षा माध्यम से राष्ट्र पुनर्निर्माण के क्षेत्र में सक्रिय विद्या बता के तत्वावधान में पिछले तीस वर्षों से अखिल भारतीय स्तर पर एथलेटिक्स की प्रतियोगिता हो रही है. 31 वें राष्ट्रीय खेलकूद समारोह में 11 क्षेत्रों की टीमों ने हिस्सा लिया. इन्हें उत्तर क्षेत्र, पश्चिमी उ.प्र.क्षेत्र, पूर्वी उ.प्र.क्षेत्र, उत्तर पूर्व क्षेत्र, राजस्थान क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र, दक्षिण क्षेत्र, दक्षिण मध्य क्षेत्र, पूर्व क्षेत्र, पूर्वोत्तर क्षेत्र और मध्य क्षेत्र में विभाजित किया गया है . विद्या भारती द्वारा आयोजित 31वां अखिल भारतीय खेलकूद समारोह एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंडर-14, 17, 19 के बालक-बालिकाएं भाग लिये. प्रतियोगिता में दौड़, कूद, , हैमर थ्रो, , त्रिपद कूद, रिले रेस, बाधा दौड सहित अनेक खेलों का आयोजन हुआ.

अखिल भारतीय स्तर पर हो रही एथलेटिक्स की इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक संख्या दक्षिण मध्य से है. यहां के 105 खिलाडी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं. प्रतियोगिता में लगभग 80 इवेंट हुए. विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा 35वीं वाहिनी पीएसी ग्राउंड आयोजित 31वें राष्ट्रीय खेलकूद समारोह में पूर्वी उत्तर प्रदेश का दबदबा कायम रहा. प्रतियोगिता में पूर्वी यूपी पहले, दक्षिण क्षेत्र दूसरे और पश्चिम क्षेत्र तीसरे नंबर पर रहा. आपको बता दें कि पूर्वी यूपी का दबदबा प्रतियोगिता में पहले दिन से ही देखने को मिला जो अंतिम दिन तक कायम रहा. पूर्वी यूपी ने 38 गोल्ड 26 सिल्वर और 13 ब्रांज मेडल सहित कुल 77 पदक जीतकर प्रतियोगिता में पहले नंबर पर रहा. दूसरे नंबर पर दक्षिण क्षेत्र रहा. दक्षिण क्षेत्र ने 16 गोल्ड, 15 सिल्वर और 10 ब्रांज मेडल के साथ कुल 41 पदकों पर कब्जा जमाया. पश्चिम क्षेत्र 6 गोल्ड, 13 सिल्वर और 10 ब्रांज मेडल सहित कुल 29 पदक जीतकर तीसरे स्थान पर रहा. वेस्ट यूपी 10 गोल्ड 7 सिल्वर और 16 ब्रांज मेडल पर कब्जा कर चौथे स्थान पर रहा. पांचवे नंबर पर मध्य क्षेत्र रहा. जिसने 8 गोल्ड, 10 सिल्वर और 7 ब्रांज मेडल जीते. बिहार क्षेत्र ने 3 गोल्ड, 8 ब्रांज और 14 ब्रांज मेडल जीते. दक्षिण मध्य 5 गोल्ड, 4 सिल्वर, 11 ब्रांज, राजस्थान क्षेत्र 3 गोल्ड, 6 सिल्वर, 8 ब्रांज, पूर्वोत्तर 3 गोल्ड 1 सिल्वर,5 ब्रांज और उत्तर क्षेत्र 1 गोल्ड 2 सिल्वर एवं 2 कांस्य पदक पर कब्जा किया . प्रतियोगिता में पूर्व क्षेत्र सबसे निचले पायदान पर रहा. उसे केवल 1 सिल्वर और एक ब्रांज मेडल मिला. ईस्ट यूपी को 302,पॉइंट मिले जबकि अंतिम पायदान पर स्थित पूर्व क्षेत्र को केवल 4 पॉइंट मिले